भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2978**

जिसका उत्तर 26.03.2025 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क**

2978. श्री आदित्य प्रसाद:
श्रीमती रेखा शर्मा:
श्री बृज लाल:
श्रीमती दर्शना सिंह:
श्री मदन राठौड़:
श्रीमती धर्मशीला गुप्ता:
डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी:
श्रीमती माया नारोलिया:
श्री नारायण कोरागप्पा:
श्री ईरण्ण कडाडी:
श्री रायगा कृष्णैया:
श्री नरहरी अमीन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की कुल लंबाई कितनी है;

(ख) सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्मित राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोरों की कुल लंबाई कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्मित चार लेन या उससे अधिक चौड़ाई वाले राष्ट्रीय राजमार्गों (हाई-स्पीड कॉरिडोर को छोड़कर) की कुल लंबाई कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने विगत पांच वर्षों के दौरान लगभग 56,700 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का निर्माण किया है। विगत पांच वर्षों के दौरान निर्मित उच्च गति गलियारा (हाई-स्पीड कॉरिडोर) की लंबाई और चार लेन या उच्चतर विन्यास वाले राष्ट्रीय राजमार्गों (हाई-स्पीड कॉरिडोर को छोड़कर) की लंबाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध में संलग्न है।

**अनुबंध**

**राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क** के संबंध में श्री आदित्य प्रसाद,श्रीमती रेखा शर्मा,श्री बृज लाल,श्रीमती दर्शना सिंह,श्री मदन राठौड़,श्रीमती धर्मशीला गुप्ता,डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी,श्रीमती माया नारोलिया,श्री नारायण कोरागप्पा,श्री ईरण्ण कडाडी,श्री रायगा कृष्णैया,श्री नरहरी अमीन द्वारा दिनांक 26.03.2025 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2978 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

विगत पांच वर्षों के दौरान निर्मित हाई-स्पीड कॉरिडोर की लम्बाई और चार लेन या उच्चतर विन्यास वाले राष्ट्रीय राजमार्गों (हाई-स्पीड कॉरिडोर को छोड़कर) की लंबाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा।

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **निर्मित हाई-स्पीड कॉरिडोरों की लंबाई (किमी में)** | **4-लेन और उच्चतर विन्यास वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की निर्मित (किमी) लम्बाई (हाई-स्पीड कॉरिडोर को छोड़कर)** |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 214 | 753 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 17 |
| 4 | असम | 0 | 572 |
| 5 | बिहार | 0 | 850 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 48 | 223 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 0 | 3 |
| 8 | दिल्ली | 87 | 71 |
| 9 | गोवा | 0 | 77 |
| 10 | गुजरात | 448 | 798 |
| 11 | हरियाणा | 568 | 650 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 210 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 20 | 263 |
| 14 | झारखंड | 0 | 555 |
| 15 | कर्नाटक | 226 | 1088 |
| 16 | केरल | 0 | 301 |
| 17 | लद्दाख | 0 | 0 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 345 | 1222 |
| 19 | महाराष्ट्र | 59 | 3140 |
| 20 | मणिपुर | 0 | 23 |
| 21 | मेघालय | 0 | 0 |
| 22 | मिजोरम | 0 | 0 |
| 23 | नागालैंड | 0 | 68 |
| 24 | ओडिशा | 163 | 1122 |
| 25 | पुदुचेरी | 0 | 11 |
| 26 | पंजाब | 123 | 490 |
| 27 | राजस्थान | 994 | 650 |
| 28 | सिक्किम | 0 | 0 |
| 29 | तमिलनाडु | 69 | 1030 |
| 30 | तेलंगाना | 131 | 418 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31 | त्रिपुरा | 0 | 0 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 109 | 2200 |
| 33 | उत्तराखंड | 55 | 314 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 0 | 369 |

*****